निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

जीवंत समाज का आधार है परोपकारी चेतना :डा. वालिया

नई दिल्ली, 27 दिसम्बर 2011

दिल्ली सरकार के स्वास्थ्यमंत्री डा. अशोक वालिया ने कहा कि स्वस्थ एवं संतुलित समाज निर्माण में सेवामूलक एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। गरीब एवं जरूरतमंद की सेवा एवं सहायता की परोपकारी चेतना एक जीवंत समाज का आधार है।

डा. वालिया लायंस क्लब नई दिल्ली अलकनंदा एवं दिल्ली प्रदेश प्रोफेशनल सैल ऑफ आल इंडिया वैश्य फैडरेशन के संयुक्त तत्वावधान में अग्रवाल धर्मशाला, लक्ष्मीनगर–शकरपुर में आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच शिविर के उद्घाटन समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में बोलते हुए उक्त उद्गार व्यक्त किए। डा. वालिया ने आगे कहा कि समाज में व्याप्त समस्याओं के समाधान के लिए कोरी सरकार पर निर्भरता उचित नहीं है। जनकल्याणकारी संगठनों एवं संस्थाओं की सेवा एवं परोपकार की दृश्टि से महत्वपूर्ण भूमिका है। समाज में स्वार्थ के साथ–साथ परार्थ और परमार्थ की चेतना जागे, यह अपेक्षित है। लायंस क्लब अपने कार्यक्रमों के माध्यम से परार्थ और परमार्थ की चेतना जागृत करने का अभिनव उपक्रम कर रहा है। मैं भी लायंस क्लब से सक्रिय रूप से जुड़ा रहा हूँ।

'दृश्टि का उपहार' के रूप में आयोजित इस शिविर में तीन सौ पैंतीस नेत्र रोगियों की जांच की गई एवं 235 नेत्र रोगियों को चश्में एवं औशधियां दी गयी। 6 रोगियों के मुफ्त मोतिया बिन्द के ओपरेशन किये गये। वेणु नेत्र चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र के विशेशज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं एवं सौजन्य इस शिविर के लिये प्राप्त था।

इस शिविर के प्रायोजक एवं प्रोफेशनल सैल के अध्यक्ष श्री जी.पी. बंसल ने कहा कि लॉयनिज्म का प्रमुख उद्देश्य है पीड़ित मानवता की सेवा। भातृत्व भावना, नेतृत्व विकास के साथ–साथ इसके संस्थापक मेल्विन जोन्स ने सेवा का जो नारा दिया वह हमारे लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस अवसर पर समय–समय पर आयोजित होने वाले ऐसे सेवामूलक परियोजनाओं की जानकारी दी। लायंस जिला 321 ए 1 के जोन चेयरमेन लॉयन सी.पी. अग्रवाल ने कहा कि सेवा, चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों की सहायता करना, सहयोग और सामंजस्य की भावना विकसित करना स्वस्थ सामाजिकता का लक्षण है। लायंस क्लब स्वस्थ और आदर्श समाज की स्थापना के लिए कृत संकल्प है। लायंस क्लब नई दिल्ली अलकनंदा के सचिव श्री ललित गर्ग ने क्लब की गतिविधियों की जानकारी देते हुए अपने सम्पादन में प्रकाशित मासिक पत्रिका 'समृद्ध सुखी परिवार' डा. वालिया एवं अन्य अतिथियों को भेंट की।

समारोह में कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य श्री रामकिशन गुप्ता, श्री अम्बेप्रसाद गोयल, श्री संदीप गर्ग, लॉयन श्री राजीव मित्तल, श्री रजनीश गुप्ता आदि ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के उपक्रमों से लायंस क्लब अलकनंदा नई दिल्ली की एक नई पहचान बनेगी। इन जनोपयोगी प्रवृत्तियों के माध्यम से अभावग्रस्त एवं जरूरतमंद लोगों का सहयोग और उनकी संवेदनाओं से जुड़ाव संभव होता है।

प्रेषक :

(ललित गर्ग)

ए–56/ए, प्रथम तल, लाजपत नगर–2, नई दिल्ली–110024दिल्ली–92,

फोनः 41720778, 9811051133

फोटो विवरण– एकः लायंस क्लब नई दिल्ली अलकनंदा एवं दिल्ली प्रदेश प्रोफेशनल सैल ऑफ आल इंडिया वैश्य फैडरेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नेत्र जांच शिविर में दिल्ली के स्वास्थ्यमंत्री डा. अशोक वालिया को शिविर का निरीक्षण कराते हुए श्री जी.पी. बंसल, श्री सी.पी. अग्रवाल एवं श्री ललित गर्ग

फोटो विवरण– दोः लायंस क्लब नई दिल्ली अलकनंदा एवं दिल्ली प्रदेश प्रोफेशनल सैल ऑफ आल इंडिया वैश्य फैडरेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नेत्र जांच शिविर में दिल्ली के स्वास्थ्यमंत्री डा. अशोक वालिया को क्लब के सचिव श्री ललित गर्ग ने 'समृद्ध सुखी परिवार' पत्रिका भेंट करते हुए साथ में है श्री जी.पी. बंसल